## नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)
**ऑनलाईन काउंसलिंग कार्यक्रम 2022–23**

# Bachelor of Fishery Science (B.F.Sc.)

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा प्री. वेटनरी एण्ड फिषरी टेस्ट 2022 (PV & FT–2022) द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में बी.एफ.एससी (4 वर्षीय) स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के इच्छुक समस्त उम्मीदवार अर्हताकारी परीक्षा में प्रावीण्य सूची के आधार पर तालिका क्र. 1 में दिये गये श्रेणीवार प्राप्त प्राप्तांक या उससे अधिक प्राप्त प्राप्तांक के समस्त अभ्यर्थी, एवं तालिका क्र. 2 में दर्शाये कार्यक्रमानुसार ऑनलाईन काउंसलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट www.ndvsu.org **अथवा** www.crisponlineservices.com के माध्यम से सम्मिलित हो सकते है ।

**तालिका क्र. 1**

| क्र. | श्रेणी | पी.व्ही. एण्ड एफ .टी. 2022 में प्राप्त प्राप्तांक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी UR (F) | 38 या अधिक |
| 2 | अनारक्षित श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी UR (X) | 48 या अधिक |
| 3 | आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग की महिला अभ्यर्थी EWS (F) | 33 या अधिक |
| 4 | आर्थिक रुप से कमजोर अभ्यर्थी EWS(X) | 33 या अधिक |
| 5 | अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी OBC(F) | 43 या अधिक |
| 6 | अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी OBC(X) | 48 या अधिक |
| 7 | अनु. जाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी SC (F) | 39 या अधिक |
| 8 | अनु. जाति श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी SC (X) | 39 या अधिक |
| 9 | अनु. जनजाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी ST (F) | 39 या अधिक |
| 10 | अनु. जनजाति श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी ST (X) | 39 या अधिक |

वर्गः F = महिला, K= कृषक, FF= स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, S = सैनिक, PH = दिव्यांग , **EWS** = आथिर्क रूप से कमजोर, X = इन में से कोई नहीं अर्थात बिना वर्ग

**तालिका क्र. 2**

| काउंसलिंग के चरण | अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता क्रम का चयन एवं पोर्टल शुल्क का भुगतान कर लॉक करना | आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्धता | आबंटित महाविद्यालय में प्रवेष शुल्क के साथ अभ्यार्थी की स्वयं की उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश | रिक्त सीटों की जानकारी |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 10/01/2023 से 11/01/2023 (रात 12 बजे तक) | 13/01/2023 | 16/01/2023 से 17/01/2023 ( अवकाश दिवस छोडकर **सुबह 11बजे से षाम 4 बजे तक)** | 18/01/2023 |
| द्वितीय चरण (सीट रिक्त रहने पर) | 19/01/2023 से 20/01/2023 (रात 12 बजे तक) | 23/01/2023 | 24/01/2023 से 25/01/2023 ( अवकाश दिवस छोडकर **सुबह 11बजे से षाम 4 बजे तक)** | निरंक |

- काउंसलिंग प्रक्रिया, उपलब्ध सीटें एवं शुल्क की विस्तृत जानकारी **www.ndvsu.org तथा www.crisponlineservices.com** पर उपलब्ध है जिसका उम्मीदवार सूक्ष्मता से अध्ययन करने के बाद ही ऑनलाईन पंजीयन करायें।
- **जो अभ्यर्थी पेमेंट सीट पर प्रवेश लेने के इच्छुक हैं वे आवश्यक रूप से पंजीयन कराते समय पेमेंट सीट का विकल्प भरें। कृपया पेमेंट सीट हेतु पृष्ठ क्रमाक. 07 एवं 08 में दिये गये शुल्क (फीस) का अवलोकन उपरांत ही पेमेंट सीट का विकल्प भरे। पेमेंट सीट का विकल्प चयन करने के उपरांत मेरिट के आधार पर अगर पेमेंट सीट का आवंटन होता हैं तो इसका जिम्मेदार स्वयं अभ्यर्थी होगा एवं पेमेंट सीट आवंटन उपरांत प्रवेश नही लिया तव वह अभ्यर्थी अगले चरण की ऑनलाईन काउंसलिंग में भाग लेने का पात्र नहीं होगा।**
- प्रवेश हेतु प्रोफेषनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पी.व्ही.एण्ड एफ.टी. 2022 (PV& FT–2022) में दिये गए प्रवेश नियमों का पालन किया जावेगा एवं दर्शाये गये प्रारूप अनुसार ही वांछित प्रमाण–पत्र लाना अनिवार्य होगा। ।
- किसी भी समय पर अगर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा गलत जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रवेश लिया गया है तो संबंधित अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त किया जायेगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।
- एकमात्र मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय होने के कारण बी.एफ.एस.सी पाठ्यक्रम में अपग्रेडेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं है।
- यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेष किसी भी चरण में किसी एक पाठ्यक्रम में हो जाता है एवं अगले चरण में उसका चयन किसी अन्य पाठ्यक्रम में हो जाता है तो उस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते ही पूर्व चरण में लिया गया प्रवेश स्वतः ही समाप्त हो जायेगा।
- आवश्यकतानुसार समय सारणी में परिर्वतन किया जा सकता है जिसकी जानकारी वि.वि की बेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी।

- काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान म.प्र शासन द्वारा आकस्मिक अवकाश घोषित होने या किसी अन्य कारण से अवकाष घोषित होने पर निर्धारित काउंसलिंग प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में सम्पन्न की जावेगी, जिसकी सूचना बेवसाइट में उपलब्ध होगी ।
- दस्तावेज सत्यापन के समय यदि अभ्यर्थी द्वारा आवष्यक निर्धारित दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं किया गया तो उसका सीट आवंटन निरस्त कर दिया जाऐगा एवं अगले चरण में वह प्रवेश हेतु भाग नहीं ले सकेगा ।
- मूल दस्तावेजों (Original documents) का सत्यापन आवंटित महाविद्यालय पर निर्धारित तिथियो में सम्पन्न किया जावेगा –

**बी.एफ.एससी स्नातक पाठ्यक्रम हेतु**
मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय,
संयुक्त पषुधन प्रक्षेत्र, अधारताल,
जबलपुर (म.प्र.) दूरभाष. 0761–2680177

कुलसचिव /
अध्यक्ष काउंसलिंग कमेटी

# नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर
## ऑनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया 2022–23

**Bachelor of Fishery Science (B.F.Sc.)**
# ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु प्रमुख स्टेप

1. ऑनलाईन पंजीयन (Online Registration)
2. ऑनलाइन आवेदन/पोर्टल शुल्क का भुगतान

   (Online application and payment of online application/portal fees )
3. ऑनलाईन आबंटन (Online Allotment)
4. आबंटित महाविद्यालय में उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान

   (Reporting for Admission in allotted college, Documents Verification and payment of admission fees)

✓ काउंसलिंग में अर्हताकारी परीक्षा में प्राप्तांकों तथा काउंसलिंग कार्यक्रम के आधार पर सम्मिलित होने वाले समस्त श्रेणी के समस्त अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी स्टेप 1 से 4 तक का पालन करना होगा।

### 1. ऑनलाईन पंजीयन (Online Registration)

समस्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिये वेबसाईट पर ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। **पंजीयन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है।** ऑनलाईन कांऊसलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट www.ndvsu.org या www.crisponlineservices.com के माध्यम से सम्मिलित हो सकते हैं।

- सफलतापूर्वक पंजीयन उपरांत अभ्यर्थी को आई.डी. एवं पासवर्ड SMS/email द्वारा प्राप्त होगा।
- अगली बार अभ्यर्थी अपने आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर लॉगईन कर सकते हैं।
- सभी अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि काउंसलिंग की प्रक्रिया के लिये पासवर्ड सुरक्षित व गोपनीय रखें ताकि समय–समय पर आवश्यकतानुसार उसका उपयोग करने में परेशानी न हो।
- अभ्यर्थी को यह सुविधा रहेगी की वह कभी भी अपना पासवर्ड बदल सकता है।
- पासवर्ड भूल जाने/गुम जाने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा **Forget Password** पर क्लिक कर पासवर्ड **Reset** किया जा सकेगा।

**2. प्राथमिकताक्रम का ऑनलाईन चयन एवं ऑनलाइन आवेदन/पोर्टल शुल्क का भुगतान**

**(Online preferences/choice filling and payment of online application/portal fees)**

सफलतापूर्वक लॉगईन पश्चात अभ्यर्थी अपनी वांछित जानकारी का उपयोग कर फ्री (Free)/पेमेंट (Payment) सीटों का प्राथमिकताक्रम से चयन करें। **जो अभ्यर्थी पेंमेंट सीट पर प्रवेश लेने के इच्छुक हैं वे आवश्यक रूप से पंजीयन कराते समय पेमेंट सीट का विकल्प भरें।** अपनी इच्छित प्राथमिकताक्रम को लॉक करने के पूर्व अभ्यर्थी अपनी इच्छित प्राथमिकताक्रम को अपनी संतुष्टि के लिये कई बार बदल सकते हैं। शुल्क का भुगतान करने के बाद इच्छित प्राथमिकताक्रम लॉक हो जावेगा तथा उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं हो सकेगा। पोर्टल शुल्क **रु. 225/– (राशि रु. दो सौ पच्चीस रू. मात्र) + GST** का ऑनलाइन भुगतान करना होगा जो कि वापसी योग्य नहीं (Non refundable) है। इस के बाद एक पावती प्राप्त होगी जिसमें भुगतान किये गये शुल्क का ब्यौरा मुद्रित होगा। **अभ्यर्थी इस पावती (Receipt) को संभालकर अपने पास रखें।**

- शुल्क भुगतान के लिये निम्नलिखित दिये गये विकल्पों में से किसी भी एक विकल्प का उपयोग किया जा सकता है।
    - इन्टरनेट बैकिंग (समस्त बैंक)
    - एटीएम/डेबिट/क्रेडिट कार्ड (मास्टर/वीजा)

ऑनलाईन शुल्क भुगतान के समय किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए विश्वविद्यालय जबाबदार नहीं होगा।

**3. ऑनलाईन आवंटन (Online Allotment)**

पी.व्ही. एण्ड एफ.टी. परीक्षा 2022 में प्राप्त प्राप्तांक, पी.व्ही.एण्ड एफ.टी. परीक्षा 2022 के प्रवेश नियमों, कॉमन मेरिट एवं निर्धारित समय सारणी के अनुसार आबंटन किया जावेगा तथा आबंटित संस्था/प्राठ्यक्रम का उल्लेख आबंटन पत्र में होगा। जिसे वे अपने लॉगईन आईडी/पासवर्ड डालकर इसका प्रिंटआउट प्राप्त करेगें।

**4. आबंटित महाविद्यालय में उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान**

**(Reporting for Admission in allotted college, Documents Verification and payment of admission fees)**

अभ्यर्थी स्वयं प्रवेश लेने हेतु आबंटित संस्था में आबंटन पत्र तथा अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक प्रवेश शुल्क के साथ अंतिम निर्धारित तिथि से पूर्व उपस्थित होंगे। निम्नलिखित मूल दस्तावेजों का आबंटित संस्था में सत्यापित करवाना अनिवार्य होगा–

- पी.व्ही.एण्ड.एफ.टी. परीक्षा 2022 की अंक सूची।
- हाई स्कूल (10th) एवं हायर सेकेण्डरी (12th Class) की मूल अंकसूची एवं प्रमाण–पत्र।
- चरित्र प्रमाण पत्र अन्तिम अध्ययनरत संस्था के प्राचार्य द्वारा जारी ।
- स्थानांतरण प्रमाण पत्र।
- माइग्रेशन प्रमाण पत्र।
- तत्काल की चार पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो जिसके पीछे अभ्यर्थी अपना नाम लिखेंगे।
- सक्षम अधिकारी द्वारा आरक्षित/संवर्ग हेतु निर्धारित प्रारुप में जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
- मध्यप्रदेश के मूल निवासी प्रमाण पत्र।
- आर्थिक रुप से कमजोर (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
- यदि अध्ययन के दौरान कक्षा बारहवीं के बाद अंतराल हुआ हो तो उसका शपथ पत्र।
- पंजीयत चिकित्सक द्वारा रक्त समूह का विवरण व स्वास्थ्य प्रमाण पत्र।
- माता/पिता अथवा अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (1 अप्रेल 2021 से 31 मार्च 2022 तक) (आरक्षित वर्ग के लिए)
- ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट
- आधार कार्ड, समस्त मूल दस्तावजों की दो छायाप्रति (फोटोकापी) लाना अनिवार्य होगी।

## महाविद्यालय का पता निम्ननानुसार है

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय,
संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) दूरभाष. 0761–2680177

आबंटित महाविद्यालय में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् Eligible/ Not Eligible की पावती जारी की जावेगी। चाहे गए दस्तावेज सही होने पर एवं Eligible की पावती प्राप्त होने पर ही आवॅटित महाविद्यालय में प्रवेश की पात्रता होगी।

इसके पष्चात् आबंटित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि में प्रवेश शुल्क अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। **कुल शुल्क भुगतान की पावती प्रस्तुत करने पर ही अभ्यर्थी आबंटित संस्था में प्रवेश के पात्र होगें।** कुल शुल्क निर्धारित तिथि पर न जमा करने पर अभ्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर उसकी सीट रिक्त मानी जायेगी एवं अगले प्रत्याषी को योग्यता सूची के आधार पर सीट आंबटित कर दी जावेगी।

**शिक्षण शुल्क**

**बी.एफ.एससी. पाठ्यक्रम**

अनारक्षित वर्ग/अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को समान रूप से प्रवेश हेतु नीचे दर्शायी गयी **फ्री सीट के लिये**

**निर्धारित शुल्क रू. 62,740/– एवं पेमेंट सीट के लिये निर्धारित शुल्क रू. 5,22,740/–** प्रवेश के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा (आरक्षित श्रेणी के अभ्यथियों को प्रवेष के पश्चात् नियमानुसार म.प्र शासन के द्वारा घोषित छात्रवृत्ति अभ्यर्थी के बैंक खाते में शासन द्वारा सीधे जमा कराई जावेगी)।

**कुल शुल्क :– फ्री सीट**

| **स.क्र.** | **वर्ष** | **प्रथम सेमेस्टर (रूपए में)** | **द्वितीय सेमेस्टर (रूपए में)** | **कुल शुल्क (रूपए में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम वर्ष | 62740* /– | 11000/– | 73740/– |
| 2 | द्वितीय वर्ष | 35750/– | 31000/– | 66750/– |
| 3 | तृतीय वर्ष | 35750/– | 31000/– | 66750/– |
| 4 | चतुर्थ वर्ष | 35750/– | 31000/– | 66750/– |

**पेमेंट सीट**

| **स.क्र.** | **वर्ष** | **प्रथम सेमेस्टर (रूपए में)** | **द्वितीय सेमेस्टर (रूपए में)** | **कुल शुल्क (रूपए में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम वर्ष | 522740* /– | 11000/– | 533740/– |
| 2 | द्वितीय वर्ष | 265750/– | 261000/– | 526750/– |
| 3 | तृतीय वर्ष | 265750/– | 261000/– | 526750/– |
| 4 | चतुर्थ वर्ष | 265750/– | 261000/– | 526750/– |

* शिक्षण शुल्क द्वितीय सेमेस्टर की भी समायोजित है।

**2. छात्रावास हेतु शुल्क (उपलब्ध होने पर)**

| **स.क्र.** | **वर्ष** | **प्रथम सेमेस्टर (रूपए में)** | **द्वितीय सेमेस्टर (रूपए में)** | **कुल शुल्क (रूपए में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम वर्ष | 12500/– | 8500/– | 21000/– |
| 2 | द्वितीय वर्ष | 8500/– | 8500/– | 17000/– |
| 3 | तृतीय वर्ष | 8500/– | 8500/– | 17000/– |
| 4 | चतुर्थ वर्ष | 8500/– | 8500/– | 17000/– |

( विद्युत शुल्क खपत अनुसार एवं भोजनालय की शुल्कों का भुगतान अतिरिक्त देय होगा)

**बैंक डॉफ्ट हेतु /खाता विवरण विवरण**

चयनित अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि आबटित महाविधालय में प्रवेष षुल्क जमा करने हेतु बैंक डॉफ्ट विवरण निम्नलिखित अनुसार बनवाए ।

| **स. क्र** | **महाविधालय का नाम** | **बैंक डॉफ्ट तैयार करने हेतु विवरण** | **खाता विवरण** |
|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, संयुक्त पषुधन प्रक्षेत्र,अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) | College of Fishery Science Jabalpur Payable at Jabalpur | **Bank Name–AXIS Bank LTD**<br>**A/c.no. 921010036369895**<br>**IFSC Code:UTIB0000128** |

**नोट : चयनित पात्र अभ्यर्थी प्रवेश शुल्क डिमांड डॉफ्ट अथवा बैंक खाते में सीधे जमा कर सकते हैं एवं बैंक पावती महाविधालय में प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।**

**शुल्क वापसी–** सत्र 2022–23 में बी.एफ.एससी. पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के पश्चात् किसी कारणवश प्रवेश निरस्त करने पर शुल्क वापस विश्वविद्यालय नियमानुसार किया जाएगा।

**कुलसचिव**
**ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर**

## मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत सीटों का आरक्षण एवं वर्गीकरण

## फ्री सीट

| महाविद्यालय | अनारक्षित (यू.आर.) | | | | | | | अनु.जाति (एस.सी.) | | | | | | | अनु.जनजाति (एस.टी.) | | | | | | | अन्यए पिछडा वर्ग (ओ.बी.सी.) | | | | | | | EWS | | महा योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | |
| **मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर** | **7** | **3** | **0** | **0** | **0** | **0** | **10** | **3** | **2** | **0** | **0** | **0** | **0** | **5** | **5** | **2** | **0** | **0** | **0** | **0** | **7** | **6** | **3** | **0** | **0** | **0** | **0** | **9** | **2** | **1** | **34** |

## पेमेंट सीट

| महाविद्यालय | अनारक्षित (यू.आर.) | | | | | | | अनु.जाति (एस.सी.) | | | | | | | अनु.जनजाति (एस.टी.) | | | | | | | अन्यए पिछडा वर्ग (ओ.बी.सी.) | | | | | | | EWS | | महा योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | K | FF | S | PH | योग | X | F | |
| **मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **2** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **2** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **2** | **1** | **0** | **8** |

वर्गः F = महिला, K= कृषक, FF= स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, S = सैनिक, PH = दिव्यांग, **EWS** = आर्थिक रूप से कमजोर, X = इनमें से कोई नहीं अर्थात बिना वर्ग ।